**खबर संक्षेप**

### श्रद्धालुओं के लिए पानी की निशुल्क व्यवस्था

मैहर। मां शारदा की मैहर नगरी चैत्र नवरात्र का मेला के अवसर पर बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए वरिष्ठ समाज सेवी गोविंद चौरसिया,मनोज चौरसिया,दीपू चौरसिया एवं राकेश चौरसिया द्वारा हनुमान टोला के पास निशुल्क पेयजल की व्यवस्था की गई है जिससे कि बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों को सुविधा मिल रही है।

### मैहर में शराबबंदी के बाद एक्शन मोड पर आई पुलिस

मैहर। मैहर नगरी में शराब प्रतिबंध होने के बाद मैहर पुलिस एक्शन मोड पर आ गई है। शराब बिक्री वालों को तलाशा जा रहा है। 5 के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। धार्मिक नगरी मैहर में शराब बंदी एक अप्रैल से मध्यप्रदेश सरकार द्वारा बंद किया गया जिस पर वरिष्ट अधिकारियों के निर्देशन पर मैहर कोतवाली पुलिस द्वारा मैहर थाना क्षेत्र में अलग अलग स्थानों में दबिश देकर 5 शराब बेचने वालो के विरुद्ध कार्यवाही की। यह कार्यवाही आगे निरंतर जारी रहेगी। शराब बेचने वालो के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जावेगी। शराब बिक्री की जानकारी अगर आपको होती है सूचना देने हेतु जारी किए गए मोबाइल नंबरों पर जानकारी दे सकते हैं।

# पुलिस को चकमा देकर चांदी काट रहे हैं आईपीएल के सट्टेबाज

### प्रतिदिन हो रहा है लाखों का लेनदेन,पुलिस को भनक तक नहीं !!

सतना। आईपीएल क्रिकेट मैच में जीत हार की बाजी पूरी तरह से आम हो गई है। सतना सहित पूरे रीवा संभाग में कई बड़े-बड़े सट्टेबाज इसमें संलग्न होकर रोज लाखों का लेनदेन कर रहे हैं। खबर तो यहां तक मिल रही है कि आईपीएल के सट्टे में फंसकर लोग जीत कम रहे हैं बल्कि मोटी रकम हार कर कंगाल भी होते जा रहे हैं।

सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण बात तो यह है कि सट्टेबाज सक्रिय हैं और पुलिस को भनक तक नहीं लग रही है। सूत्रों के हवाले से पता चला है कि शहर के तीन महत्वपूर्ण थाना क्षेत्र में अलग-अलग जगह पर सट्टेबाजों ने अपना ठीहा बना रखा है। सूत्र बताते हैं कि सट्टेबाज पूरा नेटवर्क बनाकर अपने काम को अंजाम दे रहे हैं। शहर में बाजार क्षेत्र,सिंधी कैंप इलाका और पतेरी,विराट नगर, येलो चिल्ली के आसपास,हवाई अड्डा क्षेत्र,टिकुरिया टोला,नजीराबाद,महादेव क्षेत्र में बड़े पैमाने पर आईपीएल का कारोबार चल रहा है।



### नई उम्र के लड़के हो रहे बर्बाद

सूत्र बताते हैं कि व्यापारियों के कम उम्र के ज्यादातर लड़के आईपीएल के सट्टे की गिरफ्त में हैं। कई ऐसे युवा हैं जिनके ऊपर मोटी रकम का कर्ज भी चढ़ चुका है। एक जानकारी के मुताबिक पैसों का लेनदेन ऑनलाइन ज्यादा हो रहा है।

### रीवा में हुई थी कार्यवाही

उल्लेखनीय है कि महीनो पहले रीवा की समान थाना पुलिस ने आईपीएल सट्टा खिलाने वाले 2 फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आरोपी ऑनलाइन लिंक के जरिए अवैध सट्टे का कारोबार चलाता था। आरोपी के कब्जे से 1 करोड़ 29 लाख रूपए नगद,25 कीपैड मोबाइल,3 स्मार्ट फोन,2 लैपटॉप , 2 कालिंग पेटी,2 डायरी,21 एटीएम कार्ड,14 चेक बुक,4 पासबुक,9 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई थी। पूछताछ में बताया था कि उसे वेबसाइट की एडमिन लिंक पैसे लेकर दी है। जिसकी मदद से शहर में वो ग्राहकों को ऑनलाइन सट्टा खिलाता था।

### शीघ्र की जाएगी कार्रवाईः आईजी

रीवा संभाग के पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत ने बुधवार को हरिभूमि से कहा कि आईपीएल सट्टे के मामले में पुलिस ने ट्रैकिंग करना शुरू कर दिया है। जो लोग इसमें शामिल हैं उनके खिलाफ जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# नागौद अस्पताल में सफाई कर्मी करते हैं मरीजों का इलाज

### इंजेक्शन लगाते वीडियो सोसल मीडिया में वायरल

सतना। नागौद के सिविल अस्पताल में अस्पताल से निकाले गए एक सफाई कर्मचारी को मरीजों का इलाज करते हुए पाया गया है।सोशल मीडिया में वायरल हुए वीडियो में पूर्व सफाई कर्मी विजय कुशवाहा को जनरल वार्ड में मरीजों को इंजेक्शन और बॉटल लगाते देखा गया। अब अधिकारियों ने मामले में जांच की बात कही है। जानकारी के अनुसार सफाई कर्मचारी पहले अस्पताल में ठेका सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। काम में लापरवाही के कारण ठेका कंपनी ने उसे नौकरी से निकाल दिया था। इसके बावजूद वह अस्पताल में घुसकर मरीजों का इलाज करता रहा। यह मामला तब सामने आया,जब उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

### प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस घटना ने अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वार्ड में नर्सिंग स्टाफ की मौजूदगी में एक अनधिकृत व्यक्ति कैसे मरीजों का इलाज कर सकता है,यह चिंता का विषय है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एलके तिवारी ने जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने इस तरह की गतिविधियों को गैरकानूनी करार दिया है। उन्होंने बताया कि जांच में अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और नर्सिंग स्टाफ की जवाबदेही की भी समीक्षा की जाएगी।



## सरकारी जमीन पर कब्जा रोकने पर चार लोगों ने युवक को लाठी-डंडों से पीटा

सतना। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का विरोध करने वाले युवक की पिटाई का मामला सामने आया है। मझगवां थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हिरौंदी में यह घटना हुई। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद मंगलवार को आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार हिरौंदी गांव निवासी हेतराम जयसवाल ने 15 मार्च को गांव में सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे की शिकायत तहसीलदार से की थी। इसके बाद तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर कब्जे की कार्रवाई रुकवा दी। इससे नाराज होकर गांव के चार लोगों ने हेतराम पर हमला कर दिया। हेतराम ने बताया कि आरोपी रामखेलावन जायसवाल,देवराज,वीरभान और लेखराज ने उसे घर जाते समय रास्ते में रोका। उन्होंने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि मामले को लेकर उसने मझगवां थाने में शिकायत की,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। मंगलवार को पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसके बाद पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## डकैत सुंदर पटेल की गैंग का सदस्य रहा मुन्ना मवासी की जेल में मौत

### आजीवन कारावास की सजा काट रहा था

सतना। यहां के सेंट्रल जेल में एक 64 वर्षीय आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुन्ना मवासी के रूप में हुई है। वह थर पहाड़ थाना नयागांव का निवासी था। बुधवार दोपहर साढ़े 12 बजे मुन्ना को सांस लेने में तकलीफ हुई। जेल प्रशासन ने उसे तुरंत जिला अस्पताल भेजा। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

### 15 दिन की पैरोल पर अपने घर गया था मुन्ना मवासी

मुन्ना मवासी 15 दिन की पैरोल पर अपने घर गया था। वह 27 मार्च को ही जेल वापस लौटा था। जेल प्रशासन ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल में रखवा दिया है। उसके परिजनों को सूचना दे दी गई है। मृतक कुख्यात दस्यु सुंदर पटेल गिरोह का सदस्य था। उसे अपहरण और हत्या के प्रयास के मामले में आजीवन कारावास की सजा मिली थी। उसे 3 अक्टूबर 2012 को सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया था।

## 12वीं में देखा आईएएस का सपना, मूल लक्ष्य नहीं छोड़ा

### कलेक्टर ने छात्रों को दी समझाइश,कहा प्लान बनाएं, सही दिशा में मेहनत करें

सतना। नए शैक्षणिक सत्र के दूसरे दिन जिले के विभिन्न स्कूलों में प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्रों से मुलाकात की। बगहा शासकीय उमावि में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने अपनी सफलता की कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि 12 वीं कक्षा में ही उन्होंने आईएएस बनने का लक्ष्य तय कर लिया था। उनके पिता पटवारी और माता शिक्षिका थीं। बचपन में पिता के साथ वरिष्ठ राजस्व अधिकारियों के पास जाने से उन्हें प्रेरणा मिली। कलेक्टर ने बताया कि आईएएस की तैयारी के दौरान उनका एम बी बी एस में चयन हो गया। लेकिन उन्होंने अपना मूल लक्ष्य नहीं छोड़ा और आईएएस बन गए। उन्होंने छात्रों को एबीसी प्लान बनाने की सलाह दी। उनका कहना था कि एक योजना असफल होने पर दूसरी योजना पर काम किया जा सकता है।सिविल लाइन शासकीय स्कूल में एसपी आशुतोष गुप्ता और कन्या धवारी स्कूल में जिला पंचायत सीईओ संजना जैन ने भी छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किए।

# अपराधों पर अंकुश लगाने आईजी ने दिए अफसर को कड़े निर्देश

### रीवा जोन में कानून-व्यवस्था की समीक्षा, रात्रि गस्त पर जोर





सतना। रीवा जोन में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) गौरव राजपूत ने रीवा जोन के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों (एएसपी) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की।बैठक में आईजी गौरव राजपूत ने रात्रि गश्त को अनिवार्य करते हुए निर्देश दिए कि पुलिस बल संवेदनशील क्षेत्रों में शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक नियमित गश्त करेगा। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने और गुमशुदा बच्चों की तलाश के लिए विशेष टीमें गठित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान एएसपी की उपस्थिति अनिवार्य होगी,ताकि जनता की शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जा सके। माइक्रो बीट सिस्टम का सख्ती से पालन करने,मादक पदार्थों की तस्करी पर कठोर कार्रवाई करने और स्कूल-कॉलेजों के आसपास सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर प्रभावी उपाय लागू किए जाएंगे। ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए सख्ती बरती जाएगी। साइबर क्राइम,महिला अपराध और अन्य गंभीर अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष टीमों का गठन किया जाएगा। आईजी गौरव राजपूत ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए इन निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए,जिससे अपराधों पर अंकुश लगे और जनता में सुरक्षा की भावना विकसित हो।

## पूर्व सरपंच पर मासूम से दुष्कर्म के प्रयास मुकदमा दर्ज

### 10 रुपए देकर किया अश्लील हरकत

सतना। उचेहरा ब्लॉक में एक पूर्व उप सरपंच द्वारा 8 साल की बच्ची के साथ यौन शोषण का मामला सामने आया है। आरोपी विपुल सिंह उर्फ कुलदीप सिंह 38 वर्ष ने बच्ची को 10 रुपए का लालच देकर अश्लील हरकतें की है। घटना सोमवार शाम 5 बजे की है। बच्ची जब आरोपी के खलिहान के पास से गुजर रही थी तभी उसने उसे रोका। आरोपी ने बच्ची को पैसे देने के बाद उसके प्राइवेट पार्ट को छूना शुरू कर दिया।उसने बच्ची को कपड़े उतारने के लिए भी कहा। बच्ची ने विरोध किया और वहां से भाग गई। घर आकर भाई को घटना बताई पीड़िता ने यह बात अपने भाई को बताई। उस समय उसकी मां खेत में काम कर रही थी और पिता भी बाहर थे। रात में जब मां को इस घटना की जानकारी मिली, तो उन्होंने बच्ची के पिता को बताया। अगली सुबह परिवार सिटी कोतवाली थाने पहुंचा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा 9-10 और बीएनएस की धारा 74,75 के तहत मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी रावेन्द्र द्विवेदी के अनुसार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

# रेलवे के लोको पायलट को पत्नी ने लात घूसों से पीटा

**कमरे में कैद हुई वारदात... पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

सतना। एक बार फिर घरेलू हिंसा में पत्नी पीड़ित पति की दास्तान सीसीटी वी वीडियो के जरिए उजागर हुई है। यह वीडियो अब सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है,वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है,पति को उसकी पत्नी जमकर पीट रही है,और पति हांथ पैर जोड़ते मन्नत करते पत्नी से बचने के लिए गोहार लगा रहा है,पूरा घटना क्रम 20 मार्च की दोपहर का बताया जा रहा है जिसमे सतना रेल विभाग में लोको पायलट के पद पर पदस्थ लोकेश माझी को उसकी पत्नी हर्षिता रैकवार अपनी मां और भाई के साथ मिलकर प्रताड़ना कर रही है।पति का आरोप है कि उसकी पत्नी उसे प्रताड़ित कर रही है लगातार मारपीट करती है उसके खिलाफ झूठे मुकदमे भी दिए हैं इतना ही नहीं मार पीट करने के बाद आत्महत्या की धमकी दे रही है। मेरठ में पत्नी मुस्कान के द्वारा पति सौरभ के टुकड़े करके मारने की घटना के बाद डरे सहमे पत्नी पीड़ित पति लोकेश ने सी सी टी वी वीडियो के आधार पर सतना के कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज करवाई है,और अब सतना पन्ना पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जाकर अपनी ही पत्नी की क्रूरता की कहानी बता कर पत्नी से बचाने की गोहार लगा रहे हैं कह रहे हैं कि मुझे मेरी पत्नी से बचाओ साहब और साहब ने भी मदद का भरोसा दिया।

### गरीब घर की लड़की समझ कर किया था शादी

आवेदन के माध्यम से बताया गया है कि प्रार्थी लोकेश कुमार मॉझी निवासी मोहल्ला रामबाग चीरघर के पास तहसील अजयगढ़ जिला पन्ना म.प्र. हाल निवासी है रेलवे में लोको पायलट होने के चलते-धवारी चौराहा वन स्टाप सेंटर के पास निवास करता हूँ। मेरा विवाह हर्षिता रैकवार के साथ जून 2023 में हिन्दू रीति रीवाज के अनुसार सम्पन्न हुआ था। शादी के बाद से ही मेरी पत्नी,सास व साला रूपयों व सोने-चांदी की मांग को लेकर मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताडित करना शुरू कर दिये थे। चूंकि मैने एक गरीब घर की लडकी से शादी करने का फैसला किया था मैने शादी में कोई भी दान दहेज नहीं लिया था क्योंकि अनावेदिका के घर के लोग बहुत गरीब थे तथा अनावेदिका के पिता पट्रोल पम्प में नौकरी करते हैं। शादी के बाद से ही मेरी पत्नी मेरे माता-पिता से बात नही करने देती है और न ही मेरे घर में किसी को आने देती तथा न ही दोस्तो से मिलने व बात न ही घर के काम में मदद सहयोग करने देती है मेरी पत्नी मुझे गाली गलौज व मारपीट करती रहती है तथा उसी की मारपीट के कारण मैने अपने घर में कैमरा लगाया हुआ है जो वीडियो मेरे पास आज भी मौजूद है। मुझसे मेरी पत्नी लडाई झगडा करने के बाद अपनी माँ व भाई को सतना बुलाया तथा मेरे ही घर की बात को लेकर विगत दिनांक-20 मार्च 2025 को समय करीब 12 बजे दिन मेरे साथ सभी लोगो ने मिलकर मारपीट किया था जिससे मेरे कई जगह चोटे आयी थी जिस पर मैने थाना सिटी कोतवाली सतना में रिर्पोट किया था तथा जैसे ही मेरी पत्नी व उनके घर वालो को रिर्पोट की जानकारी हुई कि मैने थाने में रिर्पोट किया वैसे ही मेरी पत्नी हर्षिता रैकवार धमकी देती है कि मैं आत्महत्या कर लूँगी तथा बेटी को भी मार डालूँगी और तुम्हे व तुम्हारे परिवार वालो को झूठे मुकदमे में फंसा दूँगी और जेल भिजवा दूँगी,चूकि मेरी पत्नी एक बार मच्छर मारने वाली दवा भी पी चूकी है,मैं प्रार्थी बहुत भयभीत व परेशान हूँ। पीड़ित पति की माने तो उसने सतना के कोतवाली थाने के अलावा पन्ना जिले थाना अजयगढ में भी शिकायत आवेदन पत्र दिया है। हालाकि मामला कोतवाली थाना छेत्र का होने के चलते सिटी कोतवाली पुलिस ने पत्नी सास और साले के खिलाफ मामला कायम किया है पुलिस ने आरोपीयों के खिलाफ मारपीट,धमकी और प्रताड़ना के लिए बीएनएस की धारा 296,115(2),351(3),351(5) के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को नोटिस जारी कर मामला कोर्ट में भेजा दिया है वहीं सतना न्यायालय ने आरोपियों को 7 अप्रैल को कोर्ट में उपस्थित होने को कहा है।



खबर संक्षेप

## पन्ना पुलिस द्वारा 9 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को किया गया गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा स्थायी वारण्टों की अधिक से अधिक तामीली हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चौहान व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में तारतम्य में थाना अमानगंज पुलिस द्वारा पिछले 09 वर्षों से फरार आरोपी राम प्रताप विश्वकर्मा पिता मिट्ठू लाल विश्वकर्मा उम्र 41 वर्ष निवासी नयापुरा द्वारी थाना अमानगंज को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध माननीय न्यायालय पन्ना के प्रकरण क्रमांक 663/16 धारा 25 बी आर्म्स एक्ट मे स्थाई वारंट जारी किया गया था। दिनांक 02/04/2025 को अमानगंज पुलिस के द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर उक्त वारण्टी को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने पर माननीय न्यायालय के आदेश से जिला जेल पन्ना में दाखिल किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री प्रधान आरक्षक राजीव मिश्रा, मुकेश शर्मा, मुकेश सोनी, आरक्षक द्वारका प्रसाद, गिरधारी साहू, का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम के कार्य की सराहना की गई है।

## तहसील मध्यस्थता केन्द्र अजयगढ़ का निरीक्षण कर दिए निर्देश



**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड राजकुमार गौड़ ने आज जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन एवं कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग भवन बी.के. त्रिपाठी के साथ अजयगढ़ के निर्माणाधीन तहसील मध्यस्थता केन्द्र का निरीक्षण किया। तहसील विधिक सेवा समिति अजयगढ़ को भवन हस्तांतरण के पूर्व निर्माण कार्य व अन्य आवश्यक सुविधाओं में मिली कमियों का जायजा लेकर कार्यपालन यंत्री को अविलंब आवश्यक कार्यवाही के निर्देश सहित अन्य आवश्यक सुझाव दिए गए। निरीक्षण के बाद विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर अधिवक्तागण एवं पक्षकारों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं मध्यस्थता योजना सहित आगामी नेशनल लोक अदालत के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही लोक अदालत के वृहद प्रचार-प्रसार की अपील भी की गई।

## जनसुनवाई में 160 आवेदनों पर सुनवाई

**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 160 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 108 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही पी एम सम्मान निधि के 02 तथा पुनरावृत्ति के 06 आवदेन प्राप्त हुए।

# भविष्य बचाना है तो जंगल, नदी और पहाड़ तीनों बचाने होंगे

**जिस गति से आज प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है, तो न तो उससे अब जंगल बचेगा और न ही पहाड़ बच पाएंगे। और जब यह दोनों न रहेंगे तो पानी को कोई माई का लाल नहीं बचा पाएगा।**

हम भग्यशाली हैं कि भारत का हृदय स्थल समझे जानेवाले मध्य प्रदेश में रहते हैं। एक तो यह तमाम जैव विविधताओं से परिपूर्ण यूं ही बहुत बड़ा प्रदेश है, दूसरा तमाम प्रदेशों की सीमाओं से जुड़े होने के कारण इसकी सांस्कृतिक विविधता में भी और चार चांद लग जाते हैं।





पन्ना।

बैज्ञानिकों का कथन है कि हमारी सेहत के लिए 30 प्रतिशत वन चाहिए। तो वह इतनी मात्रा में भले न हो, फिर भी सरकारी और निजी भूमि को मिला कर 20-22 प्रतिशत तो होगा ही ? इसका जीता जागता उदाहरण है, हमारे यहां आदिवासी समुदाय की बाहुलता। क्योंकि अभी तक यही देखा गया है कि ष्जहां- जहां घने जंगल, वहां - वहां आदिवासी। और जहां- जहां आदिवासियों का निवास वहां- वहां घना जंगल भी। किन्तु जहां अन्य समुदायों का पदार्पण हुआ, जंगल पहाड़ साफ। लेकिन जिस गति से आज प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है, तो न तो उससे अब जंगल बचेगा और न ही पहाड़ बच पाएंगे। और जब यह दोनों न रहेंगे तो पानी को कोई माई का लाल नहीं बचा पाएगा। हमारे राज्य की सीमा में उत्तर प्रदेश है, यहाँ की नदियां हिमनद हैं। पानी गिरे न गिरे हिमालय की बर्फ पिघलती है और नदियों से प्रवाहित हो वहां का जल स्तर सामान्य रखती हैं। किन्तु यहां की नदियां हिमनद या हिमपुत्री नहीं वनपुत्री हैं। हमारी पवित्र नदी नर्मदा का ही रेवा, नर्मदा के साथ-साथ मेकलसुता आदि नाम भी हैं। अकेले नर्मदा भर नही यहां की समस्त नदियां वनजा ही हैं और इन वन जाइयों का अस्तित्व भी वन से ही है। वन रहेगा तो पानी रहेगा और पानी रहेगा तभी वन भी। क्यों कि जब वन नहीं रहता और समुद्र से आ रहे बादलों को धरती से नमी नहीं मिलती तो धरती का ताप या कार्बन डाइऑक्साइड उन्हें और ऊंचा उठा देती है। फलस्वरूप वह बगैर बरसे ही उड़ते हुए निकल जाते हैं। इसलिए पेड़ों को बचाने के लिए हमें पहाड़ के भी बचाने की जरूरत है। क्योंकि जब कोई पत्थर हजारों वर्ष सूर्य की गर्मी से तपता है, वर्षा से गलता है तो उसमें क्षरण होता है। वह क्षरण पत्थरों के सन्धि स्थल में एकत्र होता रहता है। फिर उसी में पेड़ों के पत्ते झड़ और सड़ कर एक पर्त सी चढ़ा देते हैं, जिससे सड़े पत्ते और क्षरण मिल कर उपजाऊ मिटटी बन जाते हैं। कालांतर में उसी उपजाऊ मिट्टी बने क्षरण में कोई पेड़ चिड़ियों, हवा या किसी अन्य माध्यम से अपना बीज पहुँचा देता है जो बढ़ कर उसी सन्धि स्थल में पेड़ का रूप ग्रहण कर लेता है। और हमारा हवा, पानी तथा फल का प्रदाता भी बन जाता है। परन्तु जब किसी पहाड़ या डोंगरी के पत्थर को गृह या सड़क निर्माण आदि के लिए निकाल लिया जाता है, तो पहली बरसात में ही वह सारी जमा हुई मिट्टी और पत्ते की लेयर बह जाती है। एवं वह डोंगरी हजारों वर्षों के लिए बांझ सी हो जाती है। हमारा गांव पहाड़ के ठीक नीचे ही बसा है, तो पहले हमने पत्थर पेड़ युक्त हरी भरी डोगरी भी देखे हैं। और अब घुटे सिर की शक्ल की भी देख रहे हैं। इसलिए पर्यावरण और भविष्य बचाने के लिए हमें जंगल, नदी और पहाड़ तीनों को बचाने की जरूरत है।

# आत्मविश्वास और मेहनत से कोई भी कठिनाई पार की जा सकती है- आई.पी.एस. अवधेश बागरी

### श्री बागरी जी ने विद्यार्थियों को दिखलाई सफलता की राह

पन्ना।



सरस्वती शिशु मंदिर/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नए शिक्षा सत्र के उद्घाटन पर मुख्य अतिथि आईपीएस अवधेश बागरी ने विद्यार्थियों को सफलता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, आत्मविश्वास और मेहनत से कोई भी कठिनाई पार की जा सकती है। बागरी जी ने बच्चों को अपनी कमजोरियों पर ध्यान केंद्रित कर मेहनत करने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों से यह भी कहा कि आजकल की दुनिया में बाहरी आकर्षणों जैसे महंगे कपड़े, गाड़ियाँ और तकनीकी उपकरणों से दूर रहकर शिक्षा पर फोकस करना आवश्यक है। उनका मानना था कि विद्यार्थियों को अपने उद्देश्य को समझकर और सही दिशा में मेहनत करके ही अपने भविष्य को उज्जवल बनाना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जब वह सैनिक स्कूल में थे, तो अंग्रेजी में उनकी कमजोरी थी, लेकिन कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास से उन्होंने उसे अपनी ताकत बना लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और हनुमान चालीसा से हुई, तत्पश्चात परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष श्री राम खिलावन बागरी, व्यवस्थापक राम लखन शुक्ला और पूर्व अध्यक्ष फूलचंद विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे। अवधेश बागरी जी देवेंद्रनगर के निवासी हैं और विद्यालय के अध्यक्ष राम खिलावन बागरी के बड़े बेटे हैं। वह मुरैना स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र रहे हैं और उन्होंने विद्यालय की शिक्षा को लेकर गर्व व्यक्त किया। बागरी जी ने अपने अनुभवों के माध्यम से बताया कि यह शिक्षा ही उनके जीवन की नींव रही, जिसने उन्हें सफलता की राह दिखाई। इसके अलावा, आईपीएस अवधेश बागरी की बहन भी आईपीएस अधिकारी हैं, और उनके पिता राम खिलावन बागरी संयुक्त कलेक्टर के पद से रिटायर्ड हुए हैं। यह परिवार शिक्षा और प्रशासनिक क्षेत्र में अपनी सफलता के लिए जाना जाता है। प्राचार्य पूरन सिंह राजपूत ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परिणाम की सराहना की और आभार व्यक्त किया। व्यवस्थापक श्री राम लखन शुक्ला ने बच्चों को प्रेरणा दी और आगामी समर कैंप की जानकारी दी।

# मादक पदार्थ (गाँजा) लिये पाये गये 1 आरोपी के विरूद्ध पन्ना पुलिस द्वारा अमानगंज थाना क्षेत्र में की गई वैधानिक कार्यवाही

### आरोपी के कब्जे से 2 किलो 280 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) एवं 1 मोबाइल जप्त

पन्ना।



पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) लिये पाये जाने पर 01 आरोपी के विरूद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही। पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को मादक पदार्थ (गाँजा) का परिवहन, विक्रय, उत्पादन एवं भण्डारण करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रो मे मुखविर तंत्र को सक्रिय किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सफेद रंग की बोरी में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर अमानगंज से ग्राम ककरहाई तरफ जा रहा है। थाना प्रभारी अमानगंज द्वारा मुखबिर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चौहान के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री के नेतृत्व में थाना स्तर पुलिस टीम का गठन किया गया। उक्त पुलिस टीम द्वारा बिना देरी किए तत्काल मुखबिर के बताये अनुसार ककरहाई मोड पहुँचकर देखा गया जो एक व्यक्ति सफेद बोरी लिये दिखा। उक्त व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर मौके से भागने लगा जिसे पुलिस टीम द्वारा तत्परता पूर्वक घेराबंदी करके पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा पूँछताछ किये जाने पर उक्त संदेही द्वारा पुलिस टीम को अपना नाम पता बताया गया । पुलिस द्वारा उक्त संदेही के कब्जे में रखी बोरी की तलाशी लिये जाने पर उक्त बोरी में 02 पैकेट में कुल 02 किलो 280 ग्राम मादक पदार्थ (गाँजा) कीमती करीब 24 हजार रूपये का जप्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूध्द थाना अमानगंज में अपराध क्रमांक 192/25 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी** - 1. अमित उर्फ अज्जू अवस्थी पिता रामलोचन अवस्थी उम्र 33 वर्ष निवासी ककरहाई थाना अमानगंज।

**जप्त सामग्री** - पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से 02 किलो 280 ग्राम मादक पदार्थ गाँजा कीमती करीब 24 हजार रूपये एवं 01 मोबाइल कीमती करीब 10 हजार रूपये कुल मशरूका कीमती करीब 34 हजार रूपये का जप्त किया गया है .।

**सराहनीय योगदान** - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री, उनि डी.पी. मिश्रा, प्र.आर. राजीव मिश्रा, मुकेश सोनी, मेहरबान सिंह, सतीश, विश्वास शुक्ला, द्वारका, गिरधारी, महिला आर. हेमा एवं अन्य थाना स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम के कार्य की सराहना की गई है।

# सीएम राइज विद्यालय में मनाया गया प्रवेशोत्सव, भविष्य से भेंट कार्यक्रम में पहुंचे कई अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि





अजयगढ़।

''स्कूल चलें हम'' अभियान के तहत लगातार चार दिवस तक मनाए जाने वाले प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में पहले दिवस दिनांक 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य संतोष यादव जी तथा विशिष्ट अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी बी.डी. रजक जी रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सी एम राइज प्राचार्य वीरेंद्र कुमार मिश्रा जी तथा मंच संचालन निवेदिता शुक्ला द्वारा किया गया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में अभिभावकों को आमंत्रित कर नई शिक्षा नीति के तहत उनकी जिम्मेदारियां से उन्हें अवगत कराया। जिला पंचायत सदस्य संतोष यादव जी का उदबोधन विशेष सराहनीय रहा तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा भी अभिभावकों और छात्रों का मार्गदर्शन किया गया इसके पश्चात विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ पुस्तक वितरण किया गया तथा वर्ष भर सर्वाधिक उपस्थिति वाले छात्रों और कक्षा में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इसी चार दिवसीय कार्यक्रम के तहत द्वितीय दिवस दिनांक 2 अप्रैल को भविष्य से भेंट के रूप में मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सीता सरोज गुप्ता जी, विशिष्ट अतिथि अजयगढ़ के एसडीएम आलोक मार्को जी, तहसीलदार एस.के. अहिरवार जी, ठड० सुनील अहिरवार जी तथा डॉक्टर राम विश्वकर्मा एवं ठम्० बी डी रजक जी शामिल हुए। तथा इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भी सी एम राइज प्राचार्य वीरेंद्र कुमार मिश्रा जी द्वारा की गई। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए भविष्य में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया उन्होंने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम अनुशासन और आत्मविश्वास के महत्व के बारे में बताया जिससे वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए जिज्ञासा भरे प्रश्नों का समाधान अतिथियों द्वारा किया गया। यह आयोजन शिक्षा एवं भविष्य निर्माण के प्रति एक नई ऊर्जा भरने वाला सिद्ध हुआ जिसने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।



## शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्रनगर में मनाया गया भव्य शाला प्रवेश उत्सव

**देवेन्द्रनगर।** आज दिनांक 01/04/2025 को शास.कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्रनगर में मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भव्य शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया जो 01 तारीख से 04 तारीख तक मनाया जायेगा। इस उत्सव में ओ.आई.सी महोदय श्री विपिन कुमार वर्मा जी ने शिरकत की एवं प्राचार्य महोदय श्री राजेश रैकवार , छात्राओं, अभिभावकों वा स्टाफ के सदस्यों के साथ शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया। प्रवेश उत्सव में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शिवांगी ललित गुप्ता जी, पूर्व बीजेपी मंडल अध्यक्ष ललित गुप्ता जी, शिक्षा समिति सदस्य अशोक कुशवाहा जी को जनप्रतिनिधियों के रूप में आमंत्रित किया गया था जिनका स्वागत श्रीमती बबिता रावत द्वारा किया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की शुरुवात मां वीणा वादिनी की पूजा अर्चना एवं प्रिय छात्राओं के पूजा अर्चना व तिलक वंदन से हुई। कार्यक्रम में गणमान्य आगंतुकों के द्वारा सभी कक्षाओं की छात्राओं को पुस्तक वितरण किया गया एवं पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। कार्यक्रम में नगर के पुस्तक विक्रेता श्री संदीप कुमार जैन जी द्वारा अपने बड़े भाई जी की पुण्य स्मृति में अपने बड़े पुत्र सावरिया के कर कमलों से विद्यालय को आरो भेंट स्वरूप प्रदान किया गया जिसकी सराहना सदन में उपस्थित सभी लोगों ने ताली बजाकर की तत्पश्चात छप्प्ज द्वारा शासन के कार्यक्रम अनुसार विद्यालय में विजय खरे एवं कु. ज्योति सेन के मार्गदर्शन से संचालित सफल कंप्यूटर क्लास में कंप्यूटर सीख चुकी छात्राओं को नगर परिषद अध्यक्ष श्री मती शिवांगी ललित गुप्ता, श्री ललित गुप्ता, श्री अशोक कुमार कुशवाहा एवं प्राचार्य श्री राजेश कुमार रैकवार द्वारा सर्टिफिकेट वितरण किया गया।कार्यक्रम के अगले चरण में आप सभी ने विद्यालय में छात्राओं के प्रवेश को बढ़ाने एवं रोचक क्लास बनाने व जन संपर्क अभियान पर बल देने के लिए बारी बारी से सुझाव प्रस्तुत किए।

SBI स्थान परिवर्तन सूचना
सभी सम्माननीय ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 07/04/2025 से भारतीय स्टेट बैंक शाखा देवेंद्र नगर (ब्रांच कोड 02845) अब (पांडे राइस मिल) अग्रवाल पेट्रोल पंप के पास सतना रोड में पहुंच गई है। बैंक का समस्त संचालन अब यहीं से होगा।
शाखा प्रबंधक
मुकेश रावत
मो.नं.9926626850,9755430146

# समूह जल प्रदाय योजना के निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण

पन्ना।





जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने बुधवार को जल जीवन मिशन अंतर्गत क्रियान्वित समूह जल प्रदाय परियोजना सिंघौरा-2 के निर्माणाधीन कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने पेयजल उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी योजना के कार्यों का ग्रीष्मकाल के प्रारंभ में अवलोकन कर शेष कार्यों को अविलंब पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिपं सीईओ ने अजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम कुंवरपुर में सिंघौरा जल प्रदाय योजना के प्रगतिरत एवं संचालित विभिन्न कार्यों की समीक्षा कर जल शोधन संयंत्र का अवलोकन किया। सभी अवयवों की प्रगति का जायजा लेकर योजना के प्रारूप की जानकारी प्राप्त की। महाप्रबंधक जल निगम शिवम सिन्हा द्वारा गुणवत्ता निर्धारण के लिए प्रयोगशाला में सामग्री परीक्षण और सेफ्टी पार्क के साथ जल सोधन संयंत्र के लेआउट के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सीईओ ने जल सोधन संयंत्र प्रांगण में पौधरोपण भी किया। उल्लेखनीय है कि उक्त जल प्रदाय योजना के माध्यम से पन्ना एवं गुनौर विकासखण्ड के 415 गांवों में पेयजल प्रदान किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### युवक का सड़क किनारे मिला संदिग्ध हालात में शव, पुलिस जांच में जुटी



**हरपालपुर।** नगर में बुधवार की सुबह बस स्टैंड के पास सड़क किनारे एक युवक का खून से लतपथ संदिग्ध हालात में शव मिलने से हड़कंप मच गया। बस स्टैंड पर स्थित दुकानदारों ने शव देखा तो मामले की सूचना डायल 100 को दी जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बस स्टैंड पुलिया के समीप अज्ञात युवक 30 साल का शव बरामद हुआ है पुलिस के मुताबिक अभी शिनाख्त नही हो पाई है जबकि मृतक के चेहरा खून से लतपथ पाया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये नौगांव भेजा है। थाना पुलिस मृतक की पहचान के लिये जांच कर रही है अन्य थानों में मृतक के सबन्ध में जानकारी भेजी गई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मृतक की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### ब्रह्माकुमारीज़ छतरपुर में नशा मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ



**छतरपुर।** ब्रह्माकुमारीज़ ने भोपाल से चल रहे नशा मुक्त भारत अभियान रथ का भव्य स्वागत किया और छतरपुर जिले में इस अभियान के आगाज़ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर छतरपुर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके शैलजा बहन ने अभियान को लेकर चल रहे बीके आशीष एवं बीके राम भाई का और नशा मुक्त अभियान के रथ का तिलक लगाकर स्वागत किया और सभी को नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई। इसके साथ ही इस अभियान की सफलता के लिए शुभ भावनाएं व्यक्त की ठीक है। इस अवसर पर अकाउंट प्रोजेक्ट ऑफिसर राजेश रूपौलिया बीके रीना, बीके रजनी, नीलम बहन एवं ब्रह्माकुमारी के सभी भाई बहने उपस्थित रहे।

### पुलिस ने दुष्कर्म के फरार इनामी अपराधी को पकड़ा

**छतरपुर।** पुलिस द्वारा जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत फरार इनामी बदमाश वांछित अपराधी एवं स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी निरंतर की जा रही है। माह मार्च वर्ष 2025 में थाना गौरिहार के दुष्कर्म के प्रकरण में आरोपी रामकेश कुशवाहा पिता शिव प्रसाद कुशवाहा निवासी ग्राम चुरियारी थाना गौरिहार फरार था जिसकी तलाश की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक छतरपुर ने फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 3000 के इनाम की उद्घोषणा की थी।चौकी पहरा थाना गौरिहार पुलिस टीम ने उक्त प्रकरण में फरार आरोपी रामकेश कुशवाहा को विधिवत गिरफ्तार किया। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गौरिहार निरीक्षक संदीप दीक्षित चौकी प्रभारी पहरा उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह यादव, प्रधान आरक्षक राजन सिंह, अखिलेश मिश्रा एवं आरक्षक दीपक सिंह की भूमिका रही।

## प्रश्नों के जवाब देने वाले बच्चों को किया गया पुरस्कृत

# विद्यार्थी सोशल मीडिया का पढ़ाई के लिए सही उपयोग करें : कलेक्टर

### कलेक्टर ने बच्चों की कक्षा लेते हुए पढ़ाई एवं भविष्य से जुड़े टिप्स दिए



**छतरपुर।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार स्कूल शिक्षा अभियान के तहत बुधवार को भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने छतरपुर के शासकीय विद्यालय क्र. 1 के 12वीं के छात्रों की कक्षा ली। कलेक्टर श्री जैसवाल ने कक्षा में बच्चों से वार्तालाप कर उनके भविष्य के बारे में, एक्स्ट्रा क्यूरिकुलर एक्टिविटीज एवं अच्छी आदतो के बारे में पूछा साथ ही बच्चों से सवाल जवाब किए जिसमें बच्चों के द्वारा काफी प्रभावशाली उत्तर भी दिए गए। कलेक्टर ने बच्चों से सोशल मीडिया अकाउंट के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि सोशल मीडिया का सही प्रयोग करें और पढ़ाई में सहयोग के लिए ही करें। उन्होंने कहा कि रात में सोने से 1 घंटे पहले मोबाइल बंद करदे। इससे फोकस की कमी आती है। कलेक्टर ने उदाहरण के रूप में बताते हुए कहा कि संविधान के निर्माण में काफी लोगों का योगदान रहा उस समय सोशल मीडिया भी नहीं था। इसके पश्चात कलेक्टर ने बच्चों के सामान्य ज्ञान विषय पर प्रश्न किए। जिसमें छतरपुर जिले के यूनेस्को हेरिटेज स्थल, जिले की प्रसिद्ध जगह, प्रसिद्ध मंदिर, सबसे बड़ी एवं प्रमुख नदी, केन बेतवा प्रोजेक्ट आदि के बारे में प्रश्न किए। जिसमें बच्चों के द्वारा उत्तर भी दिए गए। साथ ही बच्चों से स्पोर्ट्स के बारे में भी प्रश्न किए एवं बच्चों की स्पोर्ट्स में रुचि के बारे में पूछा। जिसमें बच्चों ने फुटबॉल, चेस, क्रिकेट, शतरंज, खो खो, बास्केटबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन आदि में अपनी रुचि जाहिर की। इस दौरान छात्रा अंजली ताम्रकार द्वारा सोशल मीडिया के सही प्रयोग के बारे में बताया गया कि वीडियो, रील्स में स्टडी मटेरियल को देखें एवं केन बेतवा प्रोजेक्ट के बारे में बताया कि यह नदी जोड़ो परियोजना है जिससे बहुत सारे गांवों एवं शहरों तक पानी पहुंचेगा। कलेक्टर द्वारा इन प्रश्नों का सही उत्तर देने पर अंजली को स्कैचपेन का पैकेट, कॉपी एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही सही जवाब देने वाले अन्य बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया।

### न्यूज पेपर पढने की आदत डालें, बच्चों को मिला टास्क

कलेक्टर ने बच्चों को एक्स्ट्रा क्यूरिकुलर एक्टिविटीज में 1 हॉबी विकसित करने के लिए भी कहा और कहा कि पढ़ाई के साथ प्रतिदिन न्यूज पेपर अध्ययन की आदत डालें एवं सोशल मीडिया वेबसाइट इंस्टा, ट्विटर, फेसबुक का सही इस्तेमाल करें। कलेक्टर ने बच्चों को परंपरागत तरीके से पढ़ाई करने पर जोर दिया। जिसमें किताबों को पढना, पेन से पेपर पर लिखना, नोट बनाना आदि को करने के लिए कहा। अंत में कलेक्टर ने बच्चों को एक टास्क भी दिया जिसमें 30 दिनों तक शुरुआत में सभी बच्चे प्रतिदिन के अखबार की हेडलाइन लिखकर टीचर को चेक कराएंगे।

# एसपी कार्यालय में पशु-पक्षियों के लिए किया गया जल एवं आहार का प्रबंध

**एसपी एवं एएसपी ने टांगे सकोरे**



**छतरपुर।** गर्मी से सिफर्.इंसान ही नहीं, बल्कि नन्हें-नन्हें पशु-पक्षी भी परेशान होते हैं। गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार नन्हे पशु एवं पक्षियों हेतु सभी कार्यालय, थाना, चौकी परिसर में जल एवं आहार की व्यवस्था करवाई जा रही है।

छतरपुर जिले में प्रतिवर्ष सभी पुलिस कार्यालय, थानों, चौकी सभी शाखाओं के परिसर में जल एवं आहार हेतु दाने का प्रबंध कर प्रथक प्रथक स्थान में सकोरे (मिट्टी के पात्र) लगाए जाते हैं।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विदिता डागर द्वारा कार्यालय के बल के साथ सकोरे का उपयोग कर पक्षियों के लिए पानी, भोजन और आश्रय का प्रबन्ध कर मानवता की एक छोटी-सी कोशिश की है जिससे गर्मी के कारण होने वाली पक्षियों को पर्याप्त मात्रा में राहत मिल सकती है।

इसी क्रम में जिले के समस्त पुलिस कार्यालय, रक्षित केंद्र, थाना, चौकी परिसर में आवश्यक प्रबंध कर सकोरे की व्यवस्था कर जल एवं आहार की व्यवस्था की जा रही है। जिले के सभी नागरिकों से भी अपील है कि कृपया सभी नन्हे पशु पक्षियों को दाने एवं जल सहित सकोरे या अन्य पात्र का उपयोग कर प्रतिदिन दाना व जल रखकर उनकी जान बचाएं। अधिक से अधिक वृक्ष लगाए, पर्यावरण से जुड़ाव बनाकर रखें, हम भी पर्यावरण के अंग हैं।



# स्टेट बैंक ने बागेश्वर धाम में लगाई एटीएम

**छतरपुर।** वैसे तो यूपीआई एवं ऑनलाइन पैसे के ट्रांजेक्शन के कारण लेनदेन काफी आसान हो गया है फिर भी कई बार मशीन से पैसे निकालने की आवश्यकता रहती है। धार्मिक स्थलों में यह आवश्यकता और बढ़ जाती है। इन तमाम परिस्थितियों को ध्यान में रखकर भारतीय स्टेट बैंक ने सिद्ध तीर्थ बागेश्वर धाम में एटीएम स्थापित किए हैं। बागेश्वर धाम राम दरबार के पास दो मशीनें लगाई गई हैं ताकि लोग यहां पैसे निकाल सकें। भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबंधक भोपाल वृत्त अजिताभ पारासर ने बताया कि बागेश्वर धाम की महिमा दुनिया भर में फैली है और दुनिया भर के लोग यहां बालाजी व महाराजश्री के दर्शन करने आते हैं इसलिए यहां मशीन के माध्यम से पैसे निकालने की जरूरत पड़ जाती है इन सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखकर दो मशीनें लगाई गई हैं। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने फीता काटकर ऑटोमेटिक ट्रेलर मशीन यानि एटीएम का शुभारंभ किया। महाप्रबंधक ने बताया कि निकट भविष्य में बागेश्वर धाम में भारतीय स्टेट बैंक की एक शाखा खोली जा रही है जिससे बेहतर लेनदेन किया जा सकेगा। इस अवसर पर बैंक प्रबंधन उपस्थित रहा।

## पुलिस ने सात साल पुराने प्रकरण में फरार इनामी आरोपी को पकड़ा



**बड़ामलहरा।** पुलिस द्वारा जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत फरार इनामी बदमाश वांछित अपराधी एवं स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी निरंतर की जा रही है। थाना बड़ामलहरा के वर्ष 2018 के चोरी के प्रकरण का आरोपी राहुल अहिरवार ह्म/श खड़िया अहिरवार उम्र 25 वर्ष निवासी सूरजपुरा कला थाना बड़ामलहरा फरार चल रहा था। न्यायालय द्वारा फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु वर्ष 2020 में स्थाई वारंट जारी किया गया था।पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु लंबित स्थाई वारंटी (न्यायालय द्वारा जारी तिथि) जो माह दिसंबर 2012 से पूर्व के हैं, उन पर 10000, वर्ष 2013 से 2017 तक 8000, वर्ष 2018 से वर्ष 2022 तक 7000, माह जनवरी वर्ष 2023 से माह दिसंबर वर्ष 2023 तक 4000 एवं 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक 2000 जारी स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी हेतु इनाम की उद्घोषणा की गई है। थाना बड़ामलहरा पुलिस ने उक्त चोरी के प्रकरण के फरार स्थाई वारंटी 7000 रुपये के इनामी वारंटी राहुल अहिरवार को गिरफ्तार किया। वारंटी को माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बड़ामलहरा निरीक्षक श्रद्धा शुक्ला प्र.आर.प्रकाश, आर. गोविन्द, रूद्र, रघुनाथ,चरण की भूमिका रही।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए करें पंजीयन

### आवेदन की अंतिम तिथि बढ़कर हुई 15 अप्रैल 2025

**छतरपुर। युवाओं के लिए भारत की शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप और अच्छी मेंटरशिप प्राप्त करने के लिए शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप योजना का वर्तमान में दूसरा चरण चल रहा है।**

प्राचार्य शासकीय प्रशिक्षण संस्था छतरपुर ने बताया कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का उद्देश्य युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक जीवन के व्यावसायिक वातावरण से अवगत कराना है जिससे उन्हें व्यावहारिक कौशल एवं कार्य अनुभव के साथ उद्योग उन्मुख प्रशिक्षण, नवीनतम तकनीक, एवं प्रक्रिया के माध्यम से प्रशिक्षण नियमित रोजगार अर्जित करने का अवसर मिलेगा।

**क्या है प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना**

योजना के तहत देश की टॉप 500 कंपनियों में इंटर्नशिप का मौका मिलेगा। इंटर्नशिप के दौरान युवाओं को प्रतिमाह 5 हजार स्टाइपेंड एवं इंटर्नशिप प्रारंभ होने पर एक मुश्त राशि 6 हजार रुपए प्राप्त होगी। जिसमें इंटर्नशिप की अवधि 12 माह होगी। इस योजना में प्रदेश में उद्योगों द्वारा कुल 5229 रिक्तियां उपलब्ध हैं

**कौन कर सकता है आवेदन**

योजना के अंतर्गत 21 से 24 वर्ष के युवा जिनकी शिक्षा न्यूनतम 10वीं पास (10वीं या उससे अधिक), जो वर्तमान मंम किसी रोजगार में संलग्न नहीं हों।

**कैसे करें आवेदन**

आवेदन के लिए वेबसाइट पर पंजीयन किया जा सकता है। आवेदन की अंतिम तिथि बढ़कर 15 अप्रैल 2025 हो गई है।

## भविष्य से भेंटः छात्रों के सपनों को पंख देने वाला संवाद

**छतरपुर जिले में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन**



**छतरपुर।** मध्य प्रदेश सरकार के स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रेरित करना और उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना है। अधिकारियों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें जीवन में आगे बढने की प्रेरणा दी गई। कलेक्टर श्री पार्थ जैसवाल के निर्देश पर जिले के विभिन्न स्कूलों में अधिकारियों को एक एक कक्षाएं लेने के लिए निर्देशित किया गया था। जिसमें अधिकारियों द्वारा बच्चों की कक्षाएं लेते हुए अपने अनुभव साझा किए गए और छात्रों को शिक्षा, कौशल विकास एवं नैतिक मूल्यों की महत्ता से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने विभिन्न करियर विकल्पों और उनके लिए आवश्यक योग्यताओं पर भी मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों में प्रेरक वार्ताएं, प्रश्नोत्तर सत्र एवं संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिससे विद्यार्थियों को सीधा लाभ प्राप्त हुआ। यह कार्यक्रम छतरपुर जिले की सभी तहसीलों में आयोजित किया गया। विशेष रूप से छतरपुर शहर में कलेक्टर श्री पार्थ जैसवाल ने उत्कर्ष विद्यालय क्रमांक 1 का दौरा किया और विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के महत्व, स्व-अनुशासन और करियर निर्माण पर प्रेरणादायक मार्गदर्शन दिया। उनकी उपस्थिति ने विद्यार्थियों को नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान की। इसके अतिरिक्त, सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने विभिन्न विद्यालयों का दौरा किया और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें पेन, पेंसिल और स्टेशनरी सामग्री भेंट की। इस पहल से विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति रुचि और उत्साह बढ़ा। भविष्य से भेंट कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए एक बहुत अच्छा अवसर है, जहां वे विभिन्न व्यवसायों के लोगों से संवाद कर सकते हैं और इंटरैक्टिव सत्रों से बहुत कुछ सीख सकते हैं।विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को नई सोच और ऊर्जा प्राप्त होगी, जिससे वे अपने जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगे।

## बागेश्वर धाम में बनेगा हिन्दुस्तान का पहला हिन्दूग्राम



### महाराजश्री ने रखी आधारशिला दो वर्ष में गांव होगा तैयार

**छतरपुर।** बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर हिन्दू राष्ट्र की परिकल्पना को लेकर लगातार कार्य कर रहे हैं। हिन्दू राष्ट्र ध्वज घोषित करने के बाद अब हिन्दू ग्राम बनाने की तैयारी शुरू कर दी। बागेश्वर धाम में हिन्दुस्तान का पहला हिन्दू ग्राम दो साल में बनकर तैयार हो जाएगा। महाराजश्री ने बुधवार को भूमिपूजन करते हुए आधारशिला रखी।

बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने देश के पहले हिन्दूग्राम के सपने को साकार करने के लिए बागेश्वर धाम में ही वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन किया। उन्होंने इस अवसर पर कन्यापूजन करते हुए आधारशिला रखी। महाराजश्री ने कहा कि हिन्दू राष्ट्र का सपना हिन्दू घर से ही शुरू होता है। हिन्दू परिवार, हिन्दू समाज और हिन्दू ग्राम बनाने के बाद हिन्दू तहसील, हिन्दू जिला और हिन्दू राज्य बनेगा तब कहीं जाकर हिन्दू राष्ट्र की परिकल्पना पूरी होगी। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर ने हिन्दू ग्राम की आधारशिला रखने के बाद अपने उद्बोधन में बताया कि धाम में ही एक हजार परिवारों का यह ग्राम तैयार कराया जा रहा है। बागेश्वर धाम जनसेवा समिति हिन्दू धर्म एवं सनातन धर्मप्रेमियों को जमीन उपलब्ध कराएगी। इस जमीन में भवन निर्माण होंगे। यहां रहने वालों के लिए कुछ बुनियादी शर्तें भी रखी गई हैं। यह भवन अनुबंध के आधार पर मिलेंगे। पहले ही दिन दो बहिनों ने भवन लेने हेतु अपनी स्वीकृति देते हुए कागजी कार्यवाही पूर्ण कराई। इसके अलावा करीब आधा सैकड़ा लोग इस ग्राम में घर बनाने हेतु जुड़े हैं। भूमिपूजन के दौरान समिति के सचिव राजेन्द्र मिश्रा, रामस्वरूप पाठक के अलावा पन्ना मण्डल के अध्यक्ष कुंजबिहारी शर्मा विशेष रूप से भूमिपूजन में शामिल रहे।

### षडयंत्र से बचाने क्रय-विक्रय का रहेगा प्रतिबंध

बागेश्वर धाम में हिन्दू ग्राम में रहने वाले व्यक्ति अनुबंधित रहेंगे। वे जिस मकान में रहेंगे उस मकान की खरीद-फरोख्त का हक उन्हें नहीं मिलेगा। इसके पीछे की वजह यह है कि विधर्मी लोभ-लालच देकर किसी भी स्तर पर जाकर किसी भी कीमत पर मकान खरीदने के प्रयास करते हैं अक्सर ऐसा देखने में भी आता है कि लालच में आकर लोग धर्मविरोधी ताकतों के सामने खुद को सरेण्डर कर देते हैं इसलिए बागेश्वर धाम का हिन्दू ग्राम क्रय-विक्रय से प्रतिबंधित रहेगा।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने सुरक्षा उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को किया सशक्त



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल ने 24 मार्च, 2025 से 29 मार्च, 2025 तक डूपॉन्ट सस्टेनेबल सॉल्यूशंस (DSS+) के साथ मिलकर एक व्यापक सुरक्षा मूल्यांकन अभियान आयोजित किया। यह पहल इस बात का प्रमाण है कि स्टेशन अपने कर्मचारियों और श्रमिकों के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के प्रति अपने नेतृत्व की प्रतिबद्धता को दृढ़ता से निभा रहा है। इस मूल्यांकन में एनटीपीसी विंध्याचल के विभिन्न क्षेत्रों का समावेश किया गया था। मूल्यांकन प्रक्रिया में दस्तावेज़ समीक्षा, साइट निरीक्षण, व्यक्तिगत साक्षात्कार एवं कर्मचारियों, श्रमिकों, ठेकेदारों, पर्यवेक्षकों और प्रशिक्षणार्थियों के साथ केंद्रित समूह चर्चा शामिल थे।यह मूल्यांकन कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) श्री ई. सत्य फणि कुमार के नेतृत्व में किया गया, जिन्होंने इस पहल के प्रति अपनी पूरी प्रतिबद्धता दिखाई। यह मूल्यांकन एक नई दिशा और मानक स्थापित करता है, जो सुरक्षा की सर्वोच्च प्राथमिकता को सुनिश्चित करता है। डूपॉन्ट सस्टेनेबल सॉल्यूशंस विशेषज्ञों ने परिचालन टीमों के साथ संवाद किया, फील्ड निरीक्षण किए और औद्योगिक सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में मूल्यवान जानकारी साझा की। उन्होंने जोखिम की पहचान में सक्रियता, मजबूत घटना निवारण तंत्र और प्रत्येक संचालन स्तर पर एक मजबूत सुरक्षा संस्कृति के महत्व पर जोर दिया। बैठक के समाप्ति में एनटीपीसी विंध्याचल की पहल की सराहना की गई। डूपॉन्ट सस्टेनेबल सॉल्यूशंस मूल्यांकन टीम ने विशिष्ट क्षेत्रों में फोकस्ड अप्रोच के लिए उपयोगी विचार और सुझाव दिए।इस बैठक में श्री संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महा प्रबन्धक (चिकित्सा), महाप्रबंधक (आर एल आई) श्री त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक (हरित रसायन एवं बीई) श्री सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक (प्रचालन) श्री राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री) श्री डी के अग्रवाल, महाप्रबंधक(मेंटीनेंस एवं ए डीएम) श्री ए जे राजकुमार, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) श्री राकेश अरोड़ा, अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा) श्री आशीष कुमार अग्रवाल, एसएमसी सदस्य, विभागाध्यक्ष और विभिन्न विभागों के विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे। साथ ही कॉर्पोरेट सुरक्षा के प्रतिनिधि भी वर्चुअल मोड में शामिल हुए। एनटीपीसी विंध्याचल, जो भारत का सबसे बड़ा पावर स्टेशन है, सुरक्षा को अपनी मुख्य प्राथमिकता मानता है और वैश्विक मानकों के अनुसार सुरक्षित, विश्वसनीय और सतत ऊर्जा उत्पादन सुनिश्चित करता है।

## खबर संक्षेप

### बीजेपी नेता गौरव की मांग पर रीवा दिल्ली ट्रेन आनंद विहार के बदले कोच

रीवा। रीवा से दिल्ली जाने वाली रीवा-आनंद विहार सुपरफास्ट ट्रेन के जर्जर कोच बदले गए हैं। बीजेपी नेता गौरव तिवारी की मांग पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संज्ञान लेते हुए सभी रैक बदलने का निर्णय लिया था, जिसे अब पूरा कर लिया गया है। यात्रियों की शिकायतों को देखते हुए, गौरव तिवारी ने 31 जनवरी को रेल मंत्री से मुलाकात कर रैक परिवर्तन की मांग रखी थी। रेल मंत्री ने इसे स्वीकार कर तीन महीने में बदलाव का आश्वासन दिया था, जिसे निर्धारित समय में पूरा कर दिया गया।ट्रेन में नए स्लीपर और सामान्य कोच लगाए गए हैं, जिनमें कोच संख्या 173122, 202318, 212860, 242866, 232795, 231913 सहित अन्य शामिल हैं। यात्रियों और सफाई कर्मचारियों ने इस सुधार पर खुशी जताई और रेल मंत्री को धन्यवाद दिया।वही गौरव तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जनता के हित में किया गया बड़ा बदलाव है, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी।बॉल्स रेल के अटेंडर और सफ़ाई कर्मचारियों ने रेल मंत्री का किया धन्यवाद कोच बदलने के बाद रेल यात्रियों व रेल कर्मचारी जो देखभाल व साफ़ सफाई करते है उनके ख़ुश नजर आ रहे है, साथ ही सफ़ाईकर्मी रेल मंत्री जी व रेल मंत्रालय को धन्यवाद ज्ञापित कर रहे है।

### मालगाड़ी से कोयला चोरी करते वक्त युवक ट्रेन के नीचे आकर हुआ घायल, दोनों पैर कटे



रीवा। सिंगरौली जिले में मालगाड़ी से कोयला चोरी करने के दौरान एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक ने पिछले कुछ समय से मालगाड़ी की बोगियों से कोयला चोरी करने का काम शुरू किया था, लेकिन इस बार उसकी यह लापरवाही भारी पड़ी। वह ट्रेन की बोगी से गिर पड़ा, जिससे उसके दोनों पैर कट गए। घायल युवक को स्थानीय पुलिस द्वारा चार दिन पहले अचेत अवस्था में संजय गांधी अस्पताल लाया गया था, जहां उसका इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना सिंगरौली के एक रेलवे ट्रैक पर हुई, जहां सूरज कोल नामक युवक ट्रेन की बोगी पर चढ़कर कोयला चोरी कर रहा था। घटना के समय युवक ट्रेन की बोगी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल लाया गया था। अस्पताल में होश में आने पर युवक ने अपना नाम सूरज कोल, निवासी एनटीपीसी सिंगरौली बताया और यह भी बताया कि वह पिछले कुछ समय से मालगाड़ियों से कोयला चोरी कर रहा था अस्पताल में इलाज कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि युवक के दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई हैं जरा सी लालच में युवक को अपने दोनों पांव गाव चुका है।

### कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने रायपुर कर्चुलियान आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक-4 का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनवाड़ी में बच्चों के अनुपस्थित रहने पर अप्रसन्नता व्यक्त की। कलेक्टर को अवगत कराया गया कि आंगनवाड़ी में मध्यान्ह भोजन व नाश्ता नियमित तौर पर नहीं दिया जाता। उन्होंने एसडीएम को संबंधित स्वसहायता समूह से जानकारी प्राप्त कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आंगनवाड़ी में पोषण आहार की अनुपलब्धता को भी कलेक्टर ने गंभीरता से लिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित ग्रामवासियों से अपेक्षा की कि वह भी यह देखें कि आंगनवाड़ी नियमित खुल रही है कि नहीं। बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करायें तथा प्राप्त होने वाले पोषण आहार की भी मानीटरिंग करें। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी वह स्थान है जहां बच्चों व गर्भवती माताओं की प्रारंभिक जांच व पोषण आहार भी मिलता है अतः इसके नियमित संचालन की मानीटरिंग ग्रामवासी अवश्य करें।

# हिम्मत और मेहनत से लक्ष्य का निर्धारण कर विद्यार्थी अपनी पहचान बनायें: भविष्य से भेंट कार्यक्रम में कलेक्टर ने विद्यार्थियों से किया संवाद

रीवा।

स्कूल चलें अभियान के दूसरे दिन शालाओं में भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत शासकीय सीएम राईज विद्यालय रायपुर कर्चुलियान में बच्चों से संवाद करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि हिम्मत और मेहनत से लक्ष्य का निर्धारण कर अपनी पहचान बनायें। उन्होंने पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी पूरी तन्मयता से भाग लेने की अपेक्षा विद्यार्थियों से की। कलेक्टर ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से सहज भाव में उनका लक्ष्य पूंछा तो किसी ने बताया कि वह डॉक्टर बनना चाहता है तो किसी ने इंजीनियर या सी.बी.आई. आफीसर। कलेक्टर ने कहा कि आप अपना लक्ष्य लेकर पूरी मेहनत और ईमानदारी से प्रयास कर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये निर्धारित पाठक्रम को जानकर प्रश्नपत्र व उसके पैटर्न का आकलन करें तथा मेहनत से पढ़ाई करते हुए उसे हासिल करें। उन्होंने बताया कि उनके बैच में भी कई ऐसे लोग थे जो अलग-अलग माहौल से आये थे मगर सबका एक ही लक्ष्य होना चाहिए अपना शत प्रतिशत देकर मंजिल हासिल करना। कलेक्टर



ने कहा कि विद्यार्थी जिस कक्षा में हैं वहां पूरी तन्मयता से पढ़ाई करें, स्मार्ट फोन का उपयोग पढ़ाई या सकारात्मक विषयों के लिये करें तथा खाली समय में अपने घर के काम में हाँथ बटायें और खेलकूद की गतिविधियों में भाग लें। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप के द्वारा भी अपना स्वंय का व्यवसाय चुनकर विद्यार्थी आने वाले समय में अपना उद्यम स्थापित कर सकते हैं। इस क्षेत्र में भी शासन स्तर से काफी मदद की जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को खुश रहने तथा जागरूक रहकर सकारात्मक सोच के साथ अपनी पहचान बनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बताया कि सीएम राईज विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद व अन्य गतिविधियों का संचालन होता है और हम उसमें शामिल होते है। विद्यालय में लाइब्रोरी की सुविधा भी है। विद्यार्थियों ने अपने परिजनों से मार्गदर्शन प्राप्त कर आगामी परीक्षाओं में भाग लेने के लिए सहयोग की बात बताई। उन्होंने बताया कि हम स्मार्ट फोन के माध्यम से ऑनलाइन कक्षाओं में शामिल होते हैं तथा अपनी शंकाओं का समाधान भी प्राप्त करते हैं। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम पीएस त्रिपाठी, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता, सहित विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बैंकर्स और अधिकारी समन्वय से स्वरोजगार योजनाओं के लक्ष्य पूरे कराएं कृषि और लघु उद्योगों के क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करें - कलेक्टर



रीवा। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि रीवा जिले में कृषि क्षेत्र का तेजी से विकास हुआ है। कृषि और कृषि पर आधारित उद्योगों में निवेश को प्रोत्साहित करें। शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के बैंक शाखाओं में लंबित सभी प्रकरण 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से निराकृत करें। समय पर ऋण स्वीकृत होगा तो उसका भुगतान भी समय पर होगा। बैंक शाखा प्रबंधक और विभिन्न विभागों के अधिकारी समन्वय बनाकर स्वरोजगार योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करें। अग्रणी बैंक प्रबंधक जिले के ऋण-जमा अनुपात तथा स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की हर माह समीक्षा करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। बैंक शाखा प्रबंधक स्वरोजगारियों के प्रकरणों को समय पर स्वीकृत करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले के ऋण-जमा अनुपात में इस तिमाही में अच्छी वृद्धि हुई है। यह 47 से बढ़कर 49 हो गया है। लेकिन इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और सेंट्रल बैंक का ऋण-जमा अनुपात बहुत कम है। इसमें सुधार के लिए कार्ययोजना बनाएं। निवेश प्रस्तावों की स्वीकृति तथा कृषि और उद्योग से जुड़े ऋण प्रकरणों को प्राथमिकता से मंजूरी देकर ऋण-जमा अनुपात बेहतर करें। कलेक्टर ने कहा कि लंबित ऋणों की वसूली में विकास विभागों के अधिकारी सहयोग करेंगे। आरआरसी से वसूली के लिए बैंक शाखा प्रबंधक ऑनलाइन प्रकरण दर्ज कराएं। लंबित ऋणों की वसूली में पूरा सहयोग किया जाएगा। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की उच्च स्तर से लगातार मानीटरिंग की जा रही है। इस योजना में अब तक दर्ज 2539 प्रकरणों में से केवल 343 मंजूर किए गए हैं। शेष प्रकरणों को 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से निराकृत कर दें। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वसहायता समूहों के ऋण प्रकरण भी प्राथमिकता से निराकृत करें। किसान क्रेडिट कार्ड के भी प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित हैं इनका भी 30 अप्रैल तक निराकरण करें। बैठक में रिजर्व बैंक के प्रभारी महाप्रबंधक श्रीराम नागर ने कहा कि चार बैंकों का ऋण-जमा अनुपात लगातार 20 से कम है। मध्यांचल बैंक के ऋण-जमा अनुपात में भी केवल थोड़ी सी वृद्धि हुई है। प्राथमिकता के क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में ऋण स्वीकृत करके ही इसमें सुधार होगा। संबंधित बैंक शाखा प्रबंधक इसके लिए एक माह में कार्ययोजना प्रस्तुत करें। मछलीपालन, नगरीय विकास विभाग, पशुपालन विभाग तथा ग्रामोद्योग के ऋण प्रकरण प्राथमिकता से मंजूर करें। बैठक में अग्रणी बैंक प्रबंधक जगमोहन ने जिले की आर्थिक गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति हो गई है। बैठक में उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग तथा मध्यप्रदेश अन्त्यावसायी सहकारी समिति के प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले, डीडीएम नाबार्ड सरोज जेना, महाप्रबंधक उद्योग जेपी तिवारी, उप संचालक कृषि यूपी बागरी, उप संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा, उप संचालक मछली पालन डॉ अंजना सिंह तथा बैंक शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

## मामला निपटने के एवज में प्रधान आरक्षक का पैसा मांगने का वीडियो वायरल, एसपी ने किया निलंबित

रीवा।

जिले के मंनगवा थाने में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक का पैसे मांगने का एक वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है, बता दे कि वीडियो में वह एक मुकदमे से बाहर निकालने की एवज में रुपए मांगते की बात कही जा रही है, इस पूरे मामले को लेकर ग्राम पाती निवासी गुड्डू साकेत ने बताया कि बीते 26 फरवरी को परिवार के ही कुछ लोगों से शराब के नशे में विवाद हो गया था इस दौरान उसके भाई सहित चार लोगों के साथ आरोपियों ने मारपीट की थी जिसकी रिपोर्ट मंनगवा थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने उन सभी का मेडिकल भी कराया था लेकिन 28 फरवरी को मामले की जांच कर रहे प्रधान आरक्षक सुखलाल चौधरी ने उन्हें थाने बुलाया जहां उनसे पहले चारों घायलों को धमकाते हुए गिरफ्तार करने की धमकी दी जिसके बाद



जमानत देने की एवज प्रति व्यक्ति पांच-पांच हजार कुल 20 हजार रुपए की मांग की गई। पीड़ित ने बताया कि रिपोर्ट उसके तरफ से ही हुई थी और घायल भी उसी के तरफ के लोग थे इसके बावजूद भी प्रधान आरक्षक द्वारा उन्हीं से पैसों की मांग की जा रही थी, जिसके बाद पूरे घटनाक्रम का वीडियो वायरल होने पर पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल प्रभाव से प्रधान आरक्षक को निलंबित कर पुलिस लाइन अटैच कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूर्व में भी सुखलाल का इसी तरह का आचरण पाया गया था जिस पर भी बड़ी कार्रवाई की गई थी और 1 साल की उनकी वेतन वृद्धि रोक दी गई थी। इस पूरे मामले की जांच एसडीओपी सिरमौर उमेश प्रजापति को दी गई है।

### इनका कहना है

प्रधान आरक्षक सुखलाल चौधरी वर्तमान में मंनगवा थाने में पदस्थ थे जिनका एक वीडियो वायरल हुआ है वीडियो में पैसे के लेन देन को लेकर चर्चा की जा रही है इस वीडियो को देखने के बाद प्रधान आरक्षक सुखलाल चौधरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर पुलिस लाइन अटैच कर दिया गया है।


**विवेक सिंह**
**पुलिस अधीक्षक रीवा।**

## हनुमना के ग्रामीण अंचल में खनिज माफिया का अवैध उत्खनन जारी

# प्रशासन के संरक्षण से बढ़ रहा है अपराध

मऊगंज

जिले के हनुमना तहसील के पूर्वी क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में खनिज माफिया का अवैध उत्खनन बिना किसी रुकावट के जारी है, जबकि प्रशासन और खनिज विभाग इस गतिविधि के बारे में पूरी तरह से अवगत हैं। इस क्षेत्र में खनिज माफिया के द्वारा बड़ी मात्रा में खनिज पदार्थों का उत्खनन किया जा रहा है, जिससे पर्यावरणीय संकट के अलावा स्थानीय जन-जीवन भी प्रभावित हो रहा है।हालांकि, इस अवैध उत्खनन को लेकर कई बार प्रशासन को सूचित किया जा चुका है, लेकिन कलेक्ट्रेट कार्यालय मऊगंज और खनिज विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण माफिया के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों का रुख देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि वे जानबूझकर इस अवैध गतिविधि पर चुप्पी साधे हुए हैं और खनिज माफिया को खुला संरक्षण दे रहे हैं।





### खनिज माफिया का अवैध उत्खनन: ग्रामीणों का आरोप

हनुमना तहसील के पूर्वी क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में पिछले कई महीनों से खनिज माफिया द्वारा अवैध उत्खनन किया जा रहा है। खनिज माफिया के द्वारा इन इलाकों से रेत, बालू और अन्य खनिज पदार्थों का बड़े पैमाने पर उत्खनन किया जा रहा है। इस अवैध उत्खनन के कारण आसपास के क्षेत्रों में जलस्तर गिरने, मिट्टी के कटाव, और पर्यावरणीय असंतुलन जैसे गंभीर मुद्दे पैदा हो रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, माफिया खुलेआम यह कारोबार कर रहे हैं, और प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।ग्रामीणों का कहना है कि यह खनिज माफिया रात के अंधेरे में बड़े-बड़े ट्रकों से खनिज पदार्थों को ले जाते हैं और उन्हें बाजारों में बेच देते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि खनिज विभाग और कलेक्ट्रेट कार्यालय से जुड़े कुछ लोग इस अवैध कारोबार में संलिप्त हैं, जिससे माफिया को पूरा संरक्षण मिल रहा है।*खनिज अधिकारी क्यों हैं चुप्प?*खनिज अधिकारी इस पूरे मामले से अवगत होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उनका रवैया इस मामले में पूरी तरह से लापरवाह नजर आ रहा है। अवैध उत्खनन के दौरान खनिज अधिकारी मौके पर पहुंचते भी हैं, लेकिन न तो माफियाओं के खिलाफ कोई सख्त कदम उठाते हैं और न ही कोई जांच कराते हैं। सूत्रों के अनुसार, अधिकारियों के पास इस अवैध कारोबार को रोकने की पूरी शक्ति है, लेकिन प्रशासनिक दबाव या फिर मिलीभगत के कारण यह कार्रवाई नहीं हो पा रही है।स्थानीय लोग कहते हैं कि खनिज माफिया को संरक्षण देने में कलेक्ट्रेट कार्यालय के कुछ प्रभावशाली लोग भी शामिल हैं, जो माफिया से मोटी रकम प्राप्त कर रहे हैं। इस कारण खनिज विभाग और कलेक्ट्रेट कार्यालय के अधिकारी जानबूझकर इस अवैध गतिविधि को नजरअंदाज कर रहे हैं। पर्यावरणीय संकट और सामाजिक नुकसान खनिज माफिया के अवैध उत्खनन से न केवल पर्यावरणीय संकट बढ़ रहा है, बल्कि इससे ग्रामीणों का जीवन भी प्रभावित हो रहा है। जहां एक ओर खनिज माफिया प्राकृतिक संसाधनों का बिना किसी रोक-टोक के दोहन कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इससे पर्यावरणीय असंतुलन भी उत्पन्न हो रहा है। जलवायु परिवर्तन, मृदा क्षरण, और जलस्तर में गिरावट जैसी समस्याएं इस क्षेत्र में बढ़ती जा रही हैं।इसके अलावा, अवैध उत्खनन से स्थानीय किसानों और ग्रामीणों को भी भारी नुकसान हो रहा है। अवैध उत्खनन के कारण कई बार सड़कों और खेतों में भारी गड्ढे हो जाते हैं, जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। गांव में पानी की आपूर्ति भी संकट में आ गई है, क्योंकि अवैध उत्खनन के कारण जलाशयों और जल स्रोतों का भी दोहन हो रहा है।

### प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल

मऊगंज जिले में प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि, ग्रामीणों ने कई बार कलेक्ट्रेट कार्यालय और खनिज विभाग को अवैध उत्खनन के बारे में सूचित किया है, लेकिन प्रशासन ने हमेशा ही इसे अनदेखा किया। जब तक यह मामला सोशल मीडिया या मीडिया में नहीं आता, तब तक कोई कार्रवाई नहीं की जाती। यही कारण है कि खनिज माफिया बेखौफ होकर अपने अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रहे हैं।

### इनका कहना है

मऊगंज जिले का मेरे पास कोई लाइसेंस संबंधित कागजात नहीं है कागज रीवा में है

**सुनील राजपूत**
**जिला खनिज अधिकारी**
**मऊगंज**

## रतनगवां विद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत पहुंची जनसुनवाई में

मऊगंज

ज़िले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रतनगवां के प्राचार्य की मनमानी और भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ कई शिकायतें चल रही है विगत दिनो मऊगंज जनपद अध्यक्ष नीलम सिंह जनपद उपाध्यक्ष राजेश पटेल जनपद सदस्य दीपा पांडे और ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ विद्यालय का निरीक्षण किया गया था जिसमे बड़ी लापरवाही सामने आई थी जिसमे अतिथि शिक्षको की नियुक्त मुख्य है अतिथि शिक्षक के नाम वर्षो से विद्यालय के रजिस्टर मे दर्ज है और वेतन का भुगतान भी किया जा रहा है किन्तु विद्यालय के स्टाफ और छात्र अतिथि शिक्षक को नही पहचानते है इसी तरह एक अतिथि शिक्षक दो महीने तक नागपुर के अस्पताल मे भर्ती रहा लेकिन विद्यालय के रजिस्टर मे उपस्थित है इन सभी मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई थी किंतु आज किसी प्रकार की जांच नहीं की



गयी वहीं मंगलवार को नए कलेक्टर संजय जैन की दूसरी जनसुनवाई में श्रवण कुमार पांडे द्वारा शिकायती आवेदन दिया है जिसमें आरटीआई की जानकारी ना देना दो लिपिक होने के बाद भी शिक्षकों को लिपिक का प्रभार देना विद्यालय में उच्च शिक्षक होने के बावजूद माध्यमिक शिक्षक के पास प्राचार्य का प्रभार शिक्षकों के स्थानांतरण के बाद भी वित्तीय प्रभाव से नहीं हटाया गया संबल की राशि छात्रो को वापस न करने की शिकायत जनसुनवाई में पहुंचा है *सूचना अधिकार का भी उल्लंघन* कलेक्टर की जनसुनवाई में श्रवण कुमार पांडे द्वारा 45 दिन पूर्व सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत विद्यालय से संबंधित अनुपस्थित शिक्षकों लेखा-जोखा और प्रभार संबंधी जानकारियां मांगी गई किंतु 45 दिन बीत जाने के बावजूद भी रतनगवां प्राचार्य द्वारा जानकारी नहीं दी गई इससे प्रतीत होता है कि विद्यालय में व्यापक भ्रष्टाचार और अनियमितता है साथ ही सूचना के अधिकार अधिनियम का भी उल्लंघन किया गया आवेदन में उच्च स्तरीय जांच करने कलेक्टर से मांग की गई है

## एनटीपीसी विंध्याचल ने सुरक्षा उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को किया सशक्त

सिंगरौली। विंध्याचल ने 24 मार्च, 2025 से 29 मार्च, 2025 तक डूपॉन्ट सस्टेनेबल सॉल्यूशंस (DSS+) के साथ मिलकर एक व्यापक सुरक्षा मूल्यांकन अभियान आयोजित किया। यह पहल इस बात का प्रमाण है कि स्टेशन अपने कर्मचारियों और श्रमिकों के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के प्रति अपने नेतृत्व की प्रतिबद्धता को दृढ़ता से निभा रहा है। इस मूल्यांकन में एनटीपीसी विंध्याचल के विभिन्न क्षेत्रों का समावेश किया गया था। मूल्यांकन प्रक्रिया में दस्तावेज़ समीक्षा, साइट निरीक्षण, व्यक्तिगत साक्षात्कार एवं कर्मचारियों, श्रमिकों, ठेकेदारों, पर्यवेक्षकों और प्रशिक्षणार्थियों के साथ केंद्रित समूह चर्चा शामिल थे। यह मूल्यांकन कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) श्री ई. सत्य फणि कुमार के नेतृत्व में किया गया, जिन्होंने इस पहल के प्रति अपनी पूरी प्रतिबद्धता दिखाई। यह मूल्यांकन एक नई दिशा और मानक स्थापित करता है, जो सुरक्षा की सर्वोच्च प्राथमिकता को सुनिश्चित करता है। डूपॉन्ट सस्टेनेबल सॉल्यूशंस विशेषज्ञों ने परिचालन टीमों के साथ संवाद किया, फील्ड निरीक्षण किए और औद्योगिक सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में मूल्यवान जानकारी साझा की। उन्होंने जोखिम की पहचान में सक्रियता, मजबूत घटना निवारण तंत्र और प्रत्येक संचालन स्तर पर एक मजबूत सुरक्षा संस्कृति के महत्व पर जोर दिया। बैठक के समाप्ति में एनटीपीसी विंध्याचल की पहल की सराहना की गई। डूपॉन्ट सस्टेनेबल सॉल्यूशंस मूल्यांकन टीम ने विशिष्ट क्षेत्रों में फोकस्ड अप्रोच के लिए उपयोगी विचार और सुझाव दिए। इस बैठक में श्री संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महा प्रबन्धक(चिकित्सा), महाप्रबंधक(आर एल आई) श्री त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक(हरित रसायन एवं बीई) श्री सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक(प्रचालन) श्री राजशेखर पाला, महाप्रबंधक(संविदा एवं सामग्री) श्री डी के अग्रवाल, महाप्रबंधक(मेंटीनेंस एवं ए डीएम) श्री ए जे राजकुमार, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) श्री राकेश अरोड़ा, अपर महाप्रबंधक(सुरक्षा) श्री आशीष कुमार अग्रवाल, एसएमसी सदस्य, विभागाध्यक्ष और विभिन्न विभागों के विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे। साथ ही कॉर्पोरेट सुरक्षा के प्रतिनिधि भी वर्चुअल मोड में शामिल हुए। एनटीपीसी विंध्याचल, जो भारत का सबसे बड़ा पावर स्टेशन है, सुरक्षा को अपनी मुख्य प्राथमिकता मानता है और वैश्विक मानकों के अनुसार सुरक्षित, विश्वसनीय और सतत ऊर्जा उत्पादन सुनिश्चित करता है।



## NSS शिविर के तीसरे दिन नशा मुक्ति रैली

मऊगंज। सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय महाविद्यालय देवतालाब द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लौर देवतालाब में आयोजित शिविर के तृतीय दिवस दिनांक 02.04.2025 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महानन्द द्विवेदी की उपस्थिति में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गयी। आज के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. नवीन शर्मा द्वारा स्वयंसेवकों को प्रेरणागीत गाया गया। गोदग्राम प्रभारी श्री ज्ञानेन्द्र सिंह कर्चुली द्वारा स्वयंसेवकों व प्राध्यापकों के साथ नशामुक्त अभियान चलाया गया तथा रैली निकाली गयी। बौध्दिक सत्र के अन्तर्गत स्वयंसेवकों द्वारा ₹शब्दकोश खेल₹ खेला गया जिसमें स्वयंसेवक सिध्दार्थ पाण्डेय विजेता बने। खेल अधिकारी श्री रविकान्त चौधरी द्वारा स्वयंसेवकों को पी.टी. व योगा कराया गया। सायंकालीन सत्र में ₹भजन संध्या₹ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्री रजनीश त्रिपाठी, डॉ. दिवाकर प्रसाद शर्मा, डॉ. पंकज मैत्रेय, डॉ. अबदेश सिंह कुशवाह, डॉ. पंकज मैत्रेय, कर्मचारीगण तथा स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।